सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 261 | इंदौर, बुधवार 03 अप्रैल, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# बिना परमिशन नहीं होगा पैमेंट

## वित्त विभाग ने विभागों के खर्च की लिमिट तय की

## 102 योजनाओं पर खर्च के लिए मंजूरी जरूरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। नए वित्त वर्ष की शुरुआत के साथ ही वित्त विभाग ने विभागों के खर्च की लिमिट तय कर दी है। अब योजनाओं के भुगतान पर वित्त विभाग की परमिशन अनिवार्य है। अब अगले 4 महीनों में 43 विभागों की कुल 102 योजनाओं पर फाइनेंस की परमिशन बगैर पेमेंट नहीं किए जा सकेंगे।

इनमें चार स्मार्ट सिटी, लाड़ली लक्ष्मी योजना, महाकाल परिसर विकास योजना, राम वनगमन अंचल विकास योजना, वेदांत पीठ की स्थापना, बालिका स्कूटी योजना, सड़कों के निर्माण, तीर्थ यात्रा योजना, ग्रामीण परिवहन नीति, नक्सल जिलों में आईटीआई, देवारण्य योजना शामिल हैं।

वहीं, सरकार ने 30 विभागों की 60 योजनाओं और कार्यक्रमों में होने वाले खर्च के भुगतान के लिए सक्षम अधिकारियों की अनुमति से पेमेंट को मंजूरी दी है। इस आदेश की खास बात यह है कि आम जन से जुड़ी महत्वपूर्ण योजनाओं के काम को भले ही वित्त विभाग की सहमति के बाद भुगतान के लिए कहा है। लेकिन, राजधानी और अन्य स्थानों पर कैबिनेट मंत्रियों के बंगलों की साज सज्जा और यहां किए जाने वाले मरम्मत और निर्माण के काम के लिए किसी तरह की रोक नहीं है। इसके लिए गृह विभाग और लोक निर्माण विभाग दोनों ही विभागों को अधिकार दिए गए हैं।

जिन विभागों की योजनाओं में वित्त विभाग की अनुमति बगैर भुगतान नहीं हो सकेंगे उसमें नगरीय विकास और आवास विभाग के अंतर्गत जबलपुर स्मार्ट सिटी, ग्वालियर स्मार्ट सिटी, उज्जैन स्मार्ट सिटी, सागर स्मार्ट सिटी, सतना स्मार्ट सिटी, शहरों में अधोसंरचना निर्माण, मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना के चौथे चरण, कायाकल्प अभियान, एमपी अर्बन डेवलपमेंट प्रोजेक्ट (वल्र्ड बैंक), एमपी अर्बन सर्विस इक्युपमेंट प्रोग्राम फेस 2 व फेस 3, महाकाल परिसर विकास योजना तथा एमपी अर्बन सेनिटेशन एंड एनवायरनमेंट सेक्टर प्रोग्राम के पेमेंट शामिल हैं। साथ ही, गृह विभाग की मुख्यमंत्री पुलिस आवास योजना, महिला और बाल विकास की लाड़ली लक्ष्मी योजना और महिलाओं के लिए रोजगार मूलक आर्थिक सहायता के मामले में भी परमिशन जरूरी होगी।



### लैंड पूलिंग और क्लस्टर स्थापना के काम भी रुकेंगे

चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत मानसिक चिकित्सालय इंदौर और मानसिक आरोग्य शाला ग्वालियर का उन्नयन, नए चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना, नए नर्सिंग कॉलेजों का निर्माण करने के लिए अनुमति लेना होगी। सहकारिता विभाग के अधीन सहकारी बैंकों के माध्यम से किसानों को अल्पकालिक ऋण पर ब्याज अनुदान, मुख्यमंत्री ऋण समाधान योजना, प्राथमिक साख सहकारी समितियों का प्रबंधकीय अनुदान, औद्योगिक नीति और निवेश प्रोत्साहन विभाग में औद्योगिकीकरण अधोसंरचना विकास, डेस्टिनेशन मध्य प्रदेश- इन्वेस्टमेंट ड्राइव और औद्योगिक क्षेत्रों का लैंडपूलिंग योजना से विकास तथा एमएसएमई विभाग की क्लस्टरों की स्थापना का काम भी फाइनेंस की स्वीकृति के बाद ही होगा।

### फसल उपार्जन और ब्याज योजना भी दायरे में

परमिशन के दायरे में श्रम विभाग की मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग की मुख्यमंत्री कृषक फसल उपार्जन सहायता योजना, पीएम फसल बीमा योजना भी है। साथ ही प्राकृतिक खेती के प्रोत्साहन के लिए प्रचार प्रसार योजना, खाद भंडारण पर ब्याज अनुदान, कृषि अधोसंरचना निधि का संचालन, कृषि यंत्रीकरण के क्षेत्र में कौशल विकास कार्यक्रम, कृषि क्षेत्र में अधो संरचना विकास, कृषक उत्पादक संगठनों का गठन और संवर्धन का काम करने के लिए भी अनुमति जरूरी की गई है।

### सड़कों निर्माण की भी लेनी होगी अनुमति

वाणिज्यिक कर विभाग के अंतर्गत डिजिटल इंडिया भूमि रिकार्ड आधुनिकीकरण कार्यक्रम, लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत मुख्य जिला मार्गों का नवीनीकरण, उन्नतिकरण व डामरी करण, प्रवास भारतीय विभाग में फ्रेंड्स आफ एमपी कॉन्क्लेव, स्कूल शिक्षा विभाग में महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान, हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों में पढ़ने लिखने के लिए बैठक व्यवस्था और प्रयोगशाला, उत्कृष्ट विद्यालयों का अनुदान, मदरसों में गुणवत्ता परक शिक्षा एवं अधो संरचनात्मक विकास, मुख्यमंत्री बालिका स्कूटी योजना के भुगतान के लिए वित्त की परमिशन जरूरी होगी।

### अटकेगी यह योजना

बजट नियंत्रण की इस व्यवस्था के चलते जारी किए गए आदेश के बाद नवीन और नवकरणीय ऊर्जा विभाग की मुख्यमंत्री सोलर पंप योजना, लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण के अंतर्गत आयुष्मान भारत, सीएम श्रमिक सेवा प्रसूति सहायता, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के काम भी प्रभावित होंगे। इसके अलावा उद्योग निवेश संवर्धन सहायता योजना, पीएम आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन, सिकल सेल एनिमिया, आशा कार्यकर्ताओं को अतिरिक्त प्रोत्साहन तथा आयुष विभाग की राष्ट्रीय आयुष मिशन और देवारण्य योजना भी फाइनेंस की अनुमति के दायरे में शामिल हैं।

# प्रवीण तोगड़िया बोले- भोजशाला सरस्वती देवी का मंदिर

### सागर में कहा- यह सर्वे में सिद्ध होगा, स्थान हिंदुओं को सौंप देना चाहिए



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सागर। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के संस्थापक प्रवीण तोगड़िया मंगलवार को सागर प्रवास पर पहुंचे। उन्होंने मकरोनिया के रजाखेड़ी स्थित निजी मैरिज गार्डन में मीडिया से चर्चा की। कहा कि हिंदुओं के विकास की एजेंसी हमने तय की है लऊड (हनुमान चालीसा डेवलपमेंट ऑफिसर)। हम लोगों ने 1 दिसंबर से योजना बनाई। भारत के हर गांव हर शहर के कोने में हनुमान चालीसा केंद्र बनाना है। आगे बताया कि हनुमान चालीसा केंद्र वहां के हिंदुओं की सुरक्षा, अनाज, इलाज समेत अन्य सुविधाएं दिलाएगा। महिला सुरक्षा ट्रेनिंग भी कराएगा। उन्होंने धार भोजशाला में चल रहे एएसआई सर्वे को लेकर कहा कि धार भोजशाला में सरस्वती माता का मंदिर ही है। सर्वे में यह सिद्ध होगा। हिंदुओं को वह स्थान सौंप देना चाहिए। भोजशाला हमारी थी।

### प्रवीण तोगड़िया नाम के लिए नहीं निकला

अयोध्या में श्रीराम मंदिर ट्रस्ट में शामिल नहीं होने के सवाल पर डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि मैं नाम के लिए कभी नहीं निकला हूं। मैं सिर्फ हिंदुओं और हिंदुओं के गौरव के लिए निकला हूं। देश में हिंदुओं का गौरव बढ़ रहा है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर बन गया, यही हमारा गौरव है। उन्होंने कहा कि मैं सिर्फ हिंदुओं के लिए लड़ रहा हूं। किसी दल के लिए न निकला था और न ही किसी दल के ऑफिस में गया हूं। भारत को हिंदू राष्ट्र बनाएंगे।

# पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट आरोपी की अचल सम्पत्ति की नीलामी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

हरदा। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश के पालन में मंगलवार को न्यायालय तहसीलदार हरदा के परिसर बैरागढ़ ब्लास्ट के आरोपी राजेश पिता नंदलाल एवं सोमेश पिता नंदलाल अग्रवाल की संपत्तियों की नीलामी की कार्यवाही सम्पन्न हुई। कलेक्टर आदित्य सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों की अचल सम्पत्ति की कुल 24 खसरा नंबर है, जिसका शासकीय गाइडलाइन अनुसार कुल मूल्य 69 लाख 41 हजार 984 रुपए है। इसके विरुद्ध 2 करोड़ 65 लाख 42 हजार रुपए की उच्चतम बोली प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि आरोपियों की अचल सम्पत्ति में से दो खसरे ग्राम रहटाखुर्द में खसरा नंबर 160/18 तथा वार्ड क्रमांक 5 हरदा में स्थित नजूल सीट क्रमांक 10 बी प्लाट नंबर 74 के विरुद्ध कोई भी बोलीदार द्वारा मंगलवार को बोली नहीं लगाई गई। इस अचल सम्पत्ति का शासकीय गाइडलाइन अनुसार मूल्य 1 करोड़ 54 लाख 85 हजार 875 रुपए है तथा बाजार मूल्य लगभग 3 करोड़ 99 लाख 50 हजार रुपए है। कलेक्टर आदित्य सिंह ने बताया कि जिस सम्पत्ति की मंगलवार को बोली नहीं लगाई गई, उसकी नीलामी की कार्यवाही आगामी 7 दिवस में फिर से की जाएगी। उन्होने बताया कि जिन भूमियों पर उच्चतम बोली प्राप्त हो गई है उसे जिला स्तर पर गठित दल की ओर अनुमोदन हेतु भेजा जाएगा एवं दल से स्वीकृति प्राप्त कर नियम अनुसार आगामी कार्यवाही की जाएगी।

# भू-माफिया के कब्जे से मुक्त कराई बेशकीमती जमीन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मंगलवार को भू माफियाओं से बेशकीमती शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए जिला प्रशासन के अमले द्वारा नगर निगम के सहयोग से बड़ी कार्यवाही की गई है। यह कार्यवाही कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशन में की गई। इस कार्यवाही में तहसील राऊ स्थित ग्राम तेजपुर गड़बड़ी की अन्नपूर्णा मंदिर के समीप स्थित 4.967 हेक्टेयर शासकीय भूमि भू माफियाओं से अतिक्रमण मुक्त की गई। इस भूमि का बाजार मूल्य 400 से 500 करोड़ रुपए अनुमानित है। अपर कलेक्टर सपना लोवंशी ने बताया कि तहसील राऊ स्थित ग्राम तेजपुर गड़बड़ी स्थित भूमि सर्वे नंबर 56, 57, 58, 59, 99/1 कुल रकबा 4.967 हेक्टेयर जिसका लैंड यूज पीएसपी एवं रेaसीडेंशियल है। गाईड लाईन वेल्यू 118.21 करोड़ है तथा वर्तमान बाजार मूल्य लगभग 400 से 450 करोड़ है। भूमाफियाओं द्वारा वर्ष 2000 से शासन द्वारा जारी परिपत्रों का गलत दुरूपयोग करते हुए इंदौर शहर के बीचों-बीच स्थित भूमियों पर



लगभग 25 खंडहरनुमा छोटे-छोटे कमरे बना रखे थे जो कि लगभग लगभग 100 फीट दूर स्थित थे। उक्त कमरों में बिजली, पानी, सीवरेज लाईन, सड़क आदि की कोई व्यवस्था नहीं थी।

अतिक्रमण कतार्ओं द्वारा अवैध कालोनी दिखाकर व्यवस्थापन का लाभ लेने के उद्देश्य से भूमियों को हड़पने का षड़यंत्र रचा जा रहा था तथा शासन को आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा था। मौके पर अवैध कालोनी के कोई भी साक्ष्य नहीं पाए गए। बताया गया कि वर्ष 2021 में तत्कालीन कलेक्टर मनीष सिंह द्वारा भी अपने जांच प्रतिवेदन में उक्त भूमि पर कालांतर में किए गए अतिक्रमण को हटाया जाकर राज्य शासन के पक्ष में सुरक्षित किये जाने हेतु इंदौर संभागायुक्त को लिखा गया था।

# आईएमए की नवीन कार्यकारिणी का गठन

### इंदौर को मेडिकल हब बनाया जाना चाहिए : विजयवर्गीय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **आईएमए इंदौर की नवीन कार्यकारिणी का पद ग्रहण समारोह मंत्री म प्र शासन श्री कैलाश विजयवर्गीय के मुख्य आतिथ्य व अरविंदो की वाइस चांसलर डॉ.मंजू भंडारी की अध्यक्षता में हुआ।**

कैलाश विजयवर्गीय ने नवीन अध्यक्ष डॉ.नरेंद्र पाटीदार, सचिव डॉ. अक्षत पांडे के साथ पदाधिकारी डॉ. विनीता कोठरी, डॉ. मिलिंद शाह, डॉ. हरिप्रसाद यादव, डॉ. शेनाल कोठरी, डॉ. भूपेंद्र शेखावत, डॉ. पंकज गुप्ता, डॉ. विकास राठौर व सदस्यों को शपथ दिलाई। श्री.विजयवर्गीय ने अपने उद्बोधन में कहा इंदौर में हर तरह की आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध है और शहर में जाने माने कॉरपोरेट हॉस्पिटल भी हैं इसे देखते हुए शहर को मेडिकल हब का दर्जा मिलना चाहिए। इस पर नव गठित टीम ने आने वाले समय में मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्लानिंग करने की बात भी कही। आयोजन में शहर के चिकित्सकों के साथ ही मेडिकल कॉलेज के मेधावी छात्रों को सम्मानित भी किया गया। समस्त सदस्यों को डॉ. दिलीप कुमार आचार्य, डॉ. संजय लोंढे, डॉ. सुमित शुक्ला ने शुभकामनाएं दी।

# दोस्त की जन्मदिन पार्टी, नशे में धुत घर लौटते समय उत्पात

### पुलिस ने गिरप्तार कर जुलुस निकाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महू के छोटा तेली मोहल्ला लोहार पट्टी में रविवार रात को युवकों की टोली ने जमकर उत्पात मचाया था। इस दौरान युवकों ने मार्ग पर खड़ी कार व दोपहिया वाहनों पर पत्थर फेंके थे इसके साथ ही कुछ के कांच भी फोड़े थे। घटना के बाद इन युवकों के वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे जिसके बाद से ही कोतवाली पुलिस वीडियो के आधार पर इन युवकों का पता लग रही थी।**

पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार कर लिया है जिनका मंगलवार शाम को उत्पात मचाने वाले क्षेत्र में ही जुलूस निकाला गया। कोतवाली थाना प्रभारी संजय द्विवेदी ने बताया चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है यह सभी आरोपी बर्थडे पार्टी से घर लौट रहे थे इस दौरान नशे की हालत में इन्होंने शहर में कई जगह उत्पात मचाया था साथ ही गाड़ियों के कांच भी फोड़े थे। पकड़ाए गए आरोपियों के नाम नाम सोनू , अरुण, प्रियांशु और आयुष है जो सारवान मोहल्ला लालजी की बस्ती क्षेत्र के रहने वाले है। चारों ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है जिन्हें जेल पहुंचाया जा रहा है।

# लोकसभा चुनाव को लेकर 6 अप्रैल को कार्यकर्ता सम्मेलन

### प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी शिरकत करेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **इंदौर जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व मे महू विधानसभा के वरिष्ठ नेतागणो की उपस्थिति में आगामी प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की उपस्थिति में 6 अप्रैल को आयोजन होने जा रहे कार्यकर्ता सम्मेलन की जवाबदारी हेतु मीटिंग आयोजित हुई.**

जिला कांग्रेस प्रवक्ता जुगनू जादवसिंह धनावत ने बताया आगामी धार महू लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी राधेश्याम मुवेल को विजय बनाने हेतु विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन में 6 अप्रैल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के मुख्य आतिथ्य में होने जा रहा है। जिसे सफल बनाने के लिए जिला कांग्रेस अध्यक्ष सदाशिव यादव के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेताओं व कार्यकतार्ओं की मीटिंग डोंगरगांव केसर पैलेस में संपन्न हुई। मीटिंग में कार्यकर्ता सम्मेलन का स्थान स्थानीय ड्रीमलैंड चौक रखा गया हैं,साथ ही कार्यकतार्ओं को लाने ले जाने के लिए संसाधनों की व्यवस्था व भोजन पानी की व्यवस्था के लिए समिति बनाई।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष सदाशिव यादव ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार जीतू पटवारी विधानसभा क्षेत्र में आ रहे हैं उनका स्वागत ऐतिहासिक होना चाहिए सर्वप्रथम उन्हें डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर फिर सभा स्थल पर लाया जाएगा हमने क्षेत्र अनुसार सबको जिम्मेदारियां प्रदान कर दी है कार्यक्रम में मुख्य रूप से जीतू पटवारी, उमंग सिंगार, सज्जनसिंह वर्मा,रवि जोशी, राधेश्याम मुवेल उपस्थित रहेंगे।

## 56 लाख बिजली बिलों से देंगे मतदान का संदेश

**इंदौर।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भी भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार मतदाता जागरूकता के लिए भूमिका का निर्वहन करेगी। कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अमित अमित तोमर ने बताया कि अप्रैल पहले सप्ताह से लेकर मई पहले सप्ताह तक बनने वाले करीब 56 लाख बिजली बिलों पर मतदान का संदेश दिया जाएगा। बिलों पर आयोग द्वारा निर्धारित चुनाव का पर्व देश का गर्व नारा भी दिखाई देगा। प्रबंध निदेशक श्री तोमर ने बताया कि इस संबंध में कंपनी के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की टीम ने तैयारी की हैं। इंदौर महानगर से लेकर महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान की सीमा के गांवों के बिजली उपभोक्ताओं को भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार अधिक से अधिक मतदान करने का संदेश दिया जाएगा।

# विधि संकाय के विद्यार्थियों की विशेष कार्यशाला आयोजित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **लिबरल कॉलेज राऊ इंदौर के विधि संकाय के छात्र-छात्राओं के लिए महू सेशन और जिला न्यायालय में कार्यशाला आयोजित की गयी, जिसमें विधि संकाय प्रोफेसर डॉ सनोबर रुकसाना , प्रोफेसर आराधना पांडेय और प्रोफेसर महफूज कुरैशी भी उनके साथ मौजूद थे ।**

कार्यशाला में बैठक की व्यवस्था महू यूनियन बार हाल में कराई गई जिसमें अध्यक्ष स्वदेश दत्त पांडेय और महू कोर्ट के सचिव भारत सिंह ठाकुर भी मौजूद थे, उनके साथ कई वरिष्ठ और कनिष्ठ अधिवक्ताओं ने संबोदन किया। जिसमें उन्होंने अपना व्यक्तिगत अनुभव भी साझा किया वहां के सभी प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट के न्यायालय कक्ष का दौरा कराया गया जहां कुछ अधिकारियों के द्वारा महाविद्यालय के विद्यार्थियों को आईपीसी के तहत कई अपराध जैसे घोर उपहति, यौन उत्पीड़न और धारा 376 जैसी कार्यवाहियों की विधि के प्रक्रिया का मार्गदर्शन किया । वही एडीजे महोदय खरे सर ने विद्यार्थियों को आईपीसी सीआरपीसी तथा साक्ष्य अधिनियम के बारे में मार्गदर्शित किया और सिविल जज की तैयारी के लिए प्रेरित किया तथा अन्य सुझाव दिए । वर्तमान में लिबरल महाविद्यालय के सीएमडी डॉ जहूर अहमद पीर और कार्यकारी निदेशक विपिन राठौर के नेतृत्व में संस्थान निरंतर अनुसन्धान के माध्यम से सफलता के नए आयाम सुनिश्चित कर रहा है । संपन्न हुई विशेष कार्यशाला में प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार पाटीदार एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सुहैल अहमद वानी का विशेष सहयोग रहा ।

# गर्भावस्था में योग थैरेपी गर्भवती के लिए सिद्ध हो सकती हैं वरदान : डॉ.निशा जोशी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **निशा जोशी योग एकेडमी तथा योग गंगा योगिक, साइंटिफिक एंड स्प्रीचुअल रिसर्च फाउंडेशन, इंदौर द्वारा खजराना गणेश मंदिर पर स्थित निशा जोशी योग अकादमी योगालय पर ह्लप्रेगनेंसी में योग थैरेपी की भूमिकाह्व विषय पर निःशुल्क राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन व संचालन संस्था निदेशक व संस्थापक अंतर्राष्ट्रीय योग विशेषज्ञ व स्प्रीचुअल मोटिवेशनल स्पीकर डॉ.निशा द्वारा किया गया।**

इस कार्यशाला में डॉ. निशा जोशी ने वर्तमान में बढ़ते गर्भावस्था में आ रही समस्याओं को विस्तृत समझाते हुए यह बताया की कैसे हम गर्भावस्था के तीनों ट्राइमेस्टर में योग थैरेपी के द्वारा अपना बचाव कर सकते हैं, कैसे हम माता और शिशु के स्वास्थ्य को समुन्नत कर सकते हैं । किस प्रकार के आसन, प्राणायाम आदि योगाभ्यास गर्भिणी को करना चाहिए, किस समय करना चाहिए, कितनी देर करना चाहिए कितनी संख्या में करना चाहिए व किन सावधानियों के साथ करना चाहिये, कौन से योगअभ्यास जो गर्भवती को नहीं करना चाहिए तथा किस ट्राइमेस्टर में कितना अभ्यास तथा किस क्रम में करना चाहिए आदि बातो के साथ गर्भवती को कैसा आहार लेना चाहिए तथा लाइफस्टाइल का भी ध्यान रखना चाहिये इस तरह की कई सूक्ष्म जानकारी को गहनता से वैज्ञानिक लाभों के साथ डॉ. निशा जोशी ने साधको को बताया तथा साथ ही यह भी बताया की यदि गर्भावस्था के आरंभिक समय से गर्भवती योग अभ्यास करती हैं तो गर्भस्थ शिशु का शारीरिक व मानसिक विकास अच्छा होता हैं तथा योग थेरेपी से नार्मल डिलीवरी की संभावना बढ़ जाती हैं।आगे योग थेरेपी का और अधिक विस्तृत लाभ बताते हुए डॉ. निशा जोशी का कहना हैं की योग थैरेपी को यदि गर्भवती गर्भावस्था के आरंभिक दिनों से ही शुरू कर देती हैं तो गर्भावस्था में आनी वाली बीमारियाँ जैसे जेस्टेशनल डायबीटीज, हाई बी.पी., थायरॉइड, कब्ज, अपच आदि से भी एक हद तक हम बचाव कर सकते हैं । अतः जो भी गर्भवती माता हैं वो गर्भावस्था के आरंभ से ही प्राणायाम व ध्यान तथा मंत्र उच्चारण करना चाहिए जिससे गर्भावस्था में आने वाली समस्याओं से निजात मिलेगी साथ ही स्वस्थ व संस्कारवान संतान का जन्म होगा व गर्भावस्था एक सुखद यात्रा बनेगी। इस कार्यशाला में कई स्थानों के योग साधक में महिलाओं के साथ पुरुष भी जुड़े तथा कार्यशाला का लाभ लिया । कार्यशाला में ओमप्रकाश मेहर, डॉ. नीलम सोनी, प्रीत तोलानी, विमला खेड़े, शुभम भंडारी, योगी मनोज, सुनील लोधी, विवेक, गोलू वास्केल, सचिन आदि जुड़े । कार्यशाला आभार योगी राघवेंद्र शर्मा व कीर्ति दुबे ने माना ।

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज इंदौर में

## लोकसभा क्षेत्रों से बने क्लस्टर के नेताओं की लेंगे बैठक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बुधवार को इंदौर-उज्जैन प्रवास पर रहेंगे। इंदौर में वे इंदौर, धार, खंडवा, खरगोन और रतलाम-झाबुआ लोकसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, नेताओं और कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। करीब एक घंटे चलने वाली इस बैठक में इस बात पर चर्चा होगी कि पांचों लोकसभा सीटों को इस बार पिछली बार से ज्यादा मतों से कैसे जीता जाए। नड्डा इस संबंध में केंद्रीय नेतृत्व से मिले निर्देशों को जनप्रतिनिधियों के साथ साझा करेंगे। लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद इंदौर में किसी केंद्रीय नेता का यह पहला दौरा होगा।**

नड्डा मप्र के दो दिवसीय दौरे पर हैं।



मंगलवार को वे जबलपुर में थे। बुधवार सुबह 10 बजे वे जबलपुर से इंदौर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से सुबह 10.05 बजे वे उज्जैन के लिए रवाना होंगे। महाकाल दर्शन के बाद सुबह 11.40 बजे नड्डा झालावाड़ (राजस्थान) रवाना होंगे और वहां सभा को संबोधित करेंगे। दोपहर 2.40 बजे नड्डा दोबारा इंदौर पहुंचेंगे। दोपहर तीन से चार बजे तक वे यहां ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर स्थित नक्षत्र गार्डन में भाजपा क्लस्टर के जनप्रतिनिधियों, नेताओं और विशिष्ट कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। शाम 4 से 4.30 बजे का समय भोजन के लिए आरक्षित रहेगा। इसके बाद वे दिल्ली रवाना हो जाएंगे। भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे ने बताया कि भाजपा क्लस्टर की बैठक में करीब 150 लोग शामिल होंगे। इनमें इंदौर, धार, खंडवा, खरगोन और रतलाम-झाबुआ लोकसभा क्षेत्र के सभी विधायक, जनप्रतिनिधि, विधानसभा चुनाव में हारे पार्टी के प्रत्याशी, नगर अध्यक्ष और कुछ विशिष्ट कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक के लिए कोई एजेंडा तय नहीं किया गया है, लेकिन संभावना है कि पार्टी की आगामी रणनीति को लेकर चर्चा होगी। इसके अलावा पांचों लोकसभा क्षेत्रों में पिछली बार के मुकाबले अधिक मत प्राप्त करने की रणनीति पर भी चर्चा होगी। रणदिवे ने बताया कि भाजपा ने कुछ लोकसभा क्षेत्रों को बनाकर एक क्लस्टर बनाया है। अलग-अलग क्लस्टर की जिम्मेदारी अलग-अलग केंद्रीय नेताओं को सौंपी गई है। कुछ क्लस्टर के प्रभारी गृहमंत्री अमित शाह हैं तो कुछ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा। इंदौर क्लस्टर में इंदौर के अलावा धार, खंडवा, खरगोन और रतलाम-झाबुआ लोकसभा क्षेत्र शामिल हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा इंदौर क्लस्टर के प्रभारी हैं। यही वजह है कि वे यहां के कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों की बैठक ले रहे हैं।

### बायपास पर खड़े पाए गए रेती के वाहनों पर जिला प्रशासन ने की कार्रवाई



**इंदौर।** कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा इंदौर जिले में यातायात को सुगम बनाने और दुर्घटना से बचाव के लिए सभी रेती के वाहनों के लिए रेती मंडी में वाहनों को खड़े किए जाने के निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देश का पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से आज एसडीएम बिचौली श्रीमती कल्याणी पांडे एवं टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 9 रेती डंपर नेमावर रोड बायपास पर खड़े पाए गए। जिनके विरुद्ध जिला प्रशासन, खनिज विभाग एवं पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई की गई है।

## जैन समाज ने निकाली पालकी यात्रा

### दादा आदिनाथ के जन्म कल्याणक पर हुआ आयोजन,अनेक साधु-साध्वी हुए शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पीपली बाजार स्थित सफेद मंदिर से मंगलवार को जैन समाज के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में पालकी यात्रा निकाली गई। नवकार परिवार के युवाओं ने पूजा के वस्त्र में पालकी को कंधे पर लेकर भजन मंडली के साथ नाचते-गाते, झूमते चलते हुए अ.भा. श्री जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक युवक महासंघ के तत्वावधान में दादा आदिनाथ की प्रतिमा के समक्ष अष्टप्रकारी पूजन भी संपन्न किया।

महासंघ के अध्यक्ष अमित श्रीमाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रीतेश ओस्तवाल, महासचिव विजयराज भंसाली एवं नीतेश सोनगरा ने बताया कि पालकी यात्रा में प.पू. गणिवर्य आदर्श रत्न सागर म.सा., प.पू. गणिवर्य अक्षत रत्न सागर म.सा., मुनि प्रवर ऋषभचंद्र सागर म.सा. आदिठाणा एवं साध्वी मंडल भी शामिल थे। पालकी यात्रा में 15 महिला मंडलों की बहनें, नासिक के ढोल, अश्वारोही युवा, बैंड-बाजे एवं भगवान के जयघोष के बीच नाचते-गाते युवा, आदिवासी नर्तक दल, भजन एवं गरबा मंडल सहित बड़ी संख्या में समाजजन शोभायमान थे। प्रचार मंत्री अमित गोलेछा, गौरव सेठिया, संयोजक प्रमोद चौरडिया, रूचित डोसी, प्रदीप मारू, अर्पित जैन, राजेश ज्वाला, राहुल भंडारी, विनय पीपाड़ा, जयेश पालरेचा, संजय सावनसूखा, नरेंद्र राठौर, शैलेंद्र बोहरा पूरे समय व्यवस्थाएं संभाले रहे। महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नीलेश सखलेचा भी मौजूद रहे।

### कैंसर मरीजों के लिए पलंग

इस मौके पर पीड़ित मानवता की सेवा की परंपरा के अनुरूप महासंघ की ओर से रॉबर्ट नर्सिंग होम को ह्यह्यसंस्था उम्मीदह्लह्ल के माध्यम से कैंसर मरीजों के लिए एक सर्वसुविधा युक्त पलंग हेतु एक लाख रुपए की राशि भेंट की गई। पालकी यात्रा में वरिष्ठ समाजसेवी कैलाश नाहर, विजय मेहता, कल्पक गांधी, मनीष सुराना, ललित सी. जैन, संजय मोगरा, सुनील गांग, सुरेश सकलेचा, संजय छाजेड़, सुरेंद्र कोठारी, पारस डोसी, प्रकाश नाहर, रितेश जैन, रोहित श्रीमाल, अमोल जिदाणी, प्रवीण छाजेड़, अतुल कांकरिया, मनोज लोढ़ा, सुरेश देशलहरा, नरेंद्र भटेवरा, सिद्धार्थ भंसाली सहित अनेक जैन संगठनों के प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। पालकी यात्रा का समापन सफेद मंदिर पर धर्मसभा के साथ हुआ, इसमें साधु-साध्वी, भगवत ने दादा आदिनाथ की भक्ति एवं पालकी यात्रा के उत्साह हेतु युवा वर्ग को आशीष प्रदान किए।

## गूंजे सांई बाबा के जयकारे, निकली सांई बाबा की प्रभातफेरी, भक्तों ने लिया आशीर्वाद

**इंदौर।** श्री देवी अहिल्या सांई सोशल भक्त समिति द्वारा मंगलवार को सांई बाबा की प्रभातफेरी रीजनल पार्क स्थित पवनपुत्र नगर से निकाली गई। प्रभातफेरी में सांई भक्त नाचते-झूमते शामिल हुए। जैसे-जैसे प्रभातफेरी आगे बढ़ी वैसे-वैसे सांई भक्तों का हुजूम बढ़ता चला गया। प्रभातफेरी में भक्तों ने रामनवमी पर्व पर निकलने वाली सांई बाबा की भव्य शोभायात्रा का निमंत्रण भी लोगों को दिया। प्रभातफेरी आयोजक लवपाल एवं हेमंत बत्तीसे एवं समिति अध्यक्ष भोलासिंह ठाकुर ने बताया कि प्रभातफेरी की शुरूआत महाआरती से की गई। इसके बाद बाबा की पालकी आसपास के क्षेत्र में निकाली गई। भजन गायकों ने भी सांई बाबा के भजनों की प्रस्तुति देकर पूरे क्षेत्र को सांईमय बनाए रखा। प्रभातफेरी में भूपेंद्र चौपड़ा, रजनीकांत जोशी, कैलाश गुप्ता, अजय बियाणी, सुनील गुप्ता, संजय दुबे, रजनीकांत जोशी, घनश्याम यादव, दौलत मोटवानी सहित कई भक्त मौजूद थे।

## जैन समाज ने कमिश्नर को दिया ज्ञापन

### भारतीय संस्कृति को बचाने और प्राचीन प्रतिमाओं की नीलामी को तुरंत रुकवाने की मांग की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। तीर्थंकर प्रतिमाओं की नीलामी प्रकरण में आक्रोशित जैन समाज के लोगों ने मंगलवार को दोपहर 12 बजे कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपकर भारतीय संस्कृति को बचाने की मांग की। उल्लेखनीय है कि हाल ही में प्रकाश में आया है कि घटना जिसमें जैन तीर्थंकर प्रतिमाओं को नीलाम किया जाना प्रस्तावित है। जिसका पूरे देश में विरोध किया जा रहा है। विश्व जैन संगठन दिल्ली से प्राप्त सूचना के ]अनुसार मुंबई में 15 प्राचीन जैन प्रतिमाओं की नीलामी के लिए लोगों से लाखों रुपए की बोली लगाई जा रही है। इन प्रतिमाओं को 16 अप्रैल को मुंबई के ताजमहल पैलेस में क्लासिकल इंडियन आर्ट 3 के अंतर्गत नीलामी किए जाना प्रस्तावित है। तीर्थंकर प्रतिमाओं की नीलामी प्रकरण में आक्रोशित जैन समाज के लोगों ने मंगलवार को दोपहर 12 बजे कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपकर भारतीय संस्कृति को बचाने की मांग की। उल्लेखनीय है कि हाल ही में प्रकाश में आया है कि घटना जिसमें जैन तीर्थंकर प्रतिमाओं को नीलाम किया जाना प्रस्तावित है। जिसका पूरे देश में विरोध किया जा रहा है। विश्व जैन संगठन दिल्ली से प्राप्त सूचना के अनुसार मुंबई में 15 प्राचीन जैन प्रतिमाओं की नीलामी के लिए लोगों से लाखों रुपए की बोली लगाई जा रही है। इन प्रतिमाओं को 16 अप्रैल को मुंबई के ताजमहल पैलेस में क्लासिकल इंडियन आर्ट 3 के अंतर्गत नीलामी किए जाना प्रस्तावित है।

# पं.कमल किशोर नागर की कथा शुरू

## भागवत कथा के पूर्व निकली कलश यात्रा, भजनों पर झूमे भक्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जिस प्रकार बार-बार किसी वस्तु के विज्ञापन से प्रभावित होकर उस वस्तु को पाने का प्रयत्न करते हैं, उसी प्रकार हम बार-बार भगवान की कथा का श्रवण तो करते हैं, लेकिन उसके पास हम जाना ही नहीं चाहते। नारायण तो हमारे लिए अपना धाम छोड़ने को तैयार रहते हैं, लेकिन नर है कि अपना घर छोड़ने को तैयार ही नहीं होता। अतः समय तक वह इस संसार की माया में उलझा रहना चाहता है।**

उक्त विचार मंगलवार को गोम्मटगिरी जम्बर्डी हप्सी स्थित गोवर्धन गोशाला की कदम वाटिका में आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर मालवा माटी के संत पं. कमल किशोर नागर ने सभी भक्तों को कथा का रसपान करवाते हुए व्यक्त किए। उन्होंने अपनी मालवी भाषा शैली में भक्तों को कथा में आगे कहा कि राजा परीक्षित कि तरह हमें भी भगवान के धाम को जाने का प्रयत्न करना चाहिए। कथा श्रवण तो हम करना चाहते हैं, लेकिन भगवान के पास जाने की लालसा हमारी नहीं होती। जिस संसार में हमें



अनेक दुख मिलते हैं फिर भी हम उसी संसार के बंधन से मुक्त होना नहीं चाहते।

श्रीमद् भागवत कथा आयोजक परमानंद गेहलोत, मुकेश गेहलोत एवं जयेश गेहलोत ने बताया कि सात दिवसीय भागवत कथा शुभारंभ से पूर्व भव्य कलश यात्रा व शोभायात्रा राधा-कृष्ण मंदिर से कथा स्थल तक निकाली गई। इसमें मातृशक्तियां अपने सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाते हुए मार्ग में चल रही थी। भागवत कथा की शोभायात्रा में बैंड-बाजे, ढोलक के साथ ही गो सेवक भक्त भजनों पर नाचते-झूमते चल रहे थे। बड़ी संख्या में गो सेवक भक्त व मालवा-निमाड़ के श्रद्धालु शोभायात्रा में शामिल हुए। कलश यात्रा में 251 कलशों का वितरण किया। शुभारंभ अवसर पर व्यासपीठ का पूजन गेहलोत परिवार ने किया। श्रीमद् भागवत कथा आयोजक परमानंद गेहलोत, मुकेश गेहलोत एवं जयेश गेहलोत ने बताया कि सात दिवसीय भागवत कथा शुभारंभ से पूर्व भव्य कलश यात्रा व शोभायात्रा राधा-कृष्ण मंदिर से कथा स्थल तक निकाली गई।

इसमें मातृशक्तियां अपने सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाते हुए मार्ग में चल रही थी। भागवत कथा की शोभायात्रा में बैंड-बाजे, ढोलक के साथ ही गो सेवक भक्त भजनों पर नाचते-झूमते चल रहे थे। बड़ी संख्या में गो सेवक भक्त व मालवा-निमाड़ के श्रद्धालु शोभायात्रा में शामिल हुए। कलश यात्रा में 251 कलशों का वितरण किया। शुभारंभ अवसर पर व्यासपीठ का पूजन गेहलोत परिवार ने किया।

# मंच पर फूट-फूटकर रोने लगे कांग्रेस प्रत्याशी

## दमोह में भावुक हुए तरवर सिंह लोधी; पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने लगाया गले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दमोह**। दमोह में कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी तरवर सिंह लोधी जनसभा के दौरान मंच पर ही फूट-फूटकर रोने लगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी सभा को संबोधित कर रहे थे। तरवर सिंह उनके पास खड़े थे। इस दौरान वे भावुक हो गए और रोने लगे। जिसके बाद जीतू पटवारी ने उन्हें गले लगा लिया। मंगलवार को कांग्रेस प्रत्याशी तरवर सिंह ने अपना नामांकन दाखिल किया। इससे पहले जीतू पटवारी ने नामांकन रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने बीजेपी को धोखा बताया।



### इसलिए रो पड़े तरवर सिंह लोधी

जब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी ने अपने भाषण में कहा कि एक राहुल सिंह थे, जो लालच में आकर बिक गए और पार्टी छोड़ दी। वहीं दूसरी तरफ हमारे तरवर लोधी थे, जिन्हें भाजपा ने ऑफर दिया था। लेकिन उन्होंने वह ऑफर स्वीकार नहीं किया और अपने पिता का मान बनाए रखा और पार्टी के साथ जुड़े रहे। 5 साल विधायक रहे। ऐसे ईमानदार व्यक्ति को आप सबका समर्थन मिलना चाहिए। नेताओं के बार-बार तरवर सिंह को ईमानदार और कर्मठ कहने पर वह भावुक हो गए और फूट-फूट कर रोने लगे।

### जीतू बोले- भाजपा और धोखा एक-दूसरे के पर्याय

मीडिया से चर्चा में जीतू पटवारी ने कहा- इस देश में बीजेपी और धोखा एक-दूसरे के पर्याय हैं। एक तरफ सेवादार और अच्छे मन का ईमानदार चुनाव मैदान में है और दूसरी तरफ बिकाऊ और लोभी, जिसने अपना परिचय बेईमानी का दिया है। ये चुनाव ईमानदार और बेइमानी के बीच है।

### मैंने 5 सवाल किए वोट देते वक्त इन्हें याद रखना

पटवारी ने कहा- दमोह की जनता से मेरा आग्रह है कि मैंने पांच सवाल किए हैं। पहला आपके बच्चों को रोजगार क्यों नहीं और बीजेपी के बच्चों को रोजगार क्यों? जिले से पलायन क्यों हो रहा है। रेलवे की व्यवस्थाएं क्यों दुरुस्त नहीं है। दमोह का एक तालाब उसकी भी अभी तक सफाई क्यों नहीं हो सकी। किसानों को फसलों के सही दाम क्यों नहीं मिल रहे। ये सवाल आपके घरों में है और वोट देते समय याद रखना, खासकर संविधान से प्यार करने वाले लोग।

# नैरोगेज रेलवे लाइन का पुल गिरा, 6 मजदूर घायल

## मुरैना में पुराने ब्रिज को काट रहे थे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुरैना**। मुरैना के जौरा में नैरोगेज लाइन का पुल गिरने से 6 मजदूर घायल हो गए। अंग्रेजों के समय बने इस पुल को मंगलवार दोपहर मजदूर गैस कटर से काट रहे थे। सभी ऊपर बैठे हुए थे। सभी पुल के साथ 50 फीट नीचे जा गिरे। एक मजदूर को गंभीर हालत में ग्वालियर रेफर किया गया है। बाकी जिला अस्पताल में भर्ती हैं। गनीमत यह रही कि पुल के नीचे बारिश का पानी भरा था। ग्वालियर से श्योपुर होते हुए राजस्थान के कोटा तक ब्रॉडगेज रेलवे लाइन का काम चल रहा है। इसके लिए नैरोगेज लाइन को उखाड़ा जा रहा है। जौरा तक नई ब्रॉडगेज लाइन पर ट्रेन शुरू हो चुकी है। जौरा के बाद पुरानी नैरोगेज रेलवे लाइन हटाने का काम चल रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद ठाकुर ने बताया कि नीलामी के बाद राजस्थान के एक ठेकेदार को पुल हटाने का काम मिला है। मजदूर काम करने के लिए पुल के ऊपर बैठे थे, तभी एक तरफ की दीवार गिरने से हादसा हो गया। घायलों की हालत स्थिर है।

### दो दिन से काम कर रहे थे मजदूर

घायल मजदूर लालू ने बताया कि 2 दिन से काम कर रहे हैं। सिकरौदा वाला ब्रिज कंडम है। रेलवे ने इसे हटाने के लिए टेंडर दिया है। हम इसे हटाने गए थे। हादसे में उदयवीर, सुबराती खान, भोला खान, फिरोज खन व इकबाल खान भी घायल हुए हैं। इकबाल को अधिक चोट आने पर ग्वालियर रेफर किया गया।

# प्रियानाथ बोलीं-अग्नि परीक्षा के समय हमें अपनों ने धोखा दिया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा**। कांग्रेस नेताओं के पार्टी छोड़ने पर सांसद नकुलनाथ की पत्नी प्रियानाथ ने कहा, ह्रजब मैं पिता कमलनाथ को देखती हूं तो बहुत दुख होता है। जिन्हें हमने अपना समझा, अपने परिवार की तरह प्यार दिया, कमलनाथ जी ने आशीर्वाद दिया, जब उनकी अग्नि परीक्षा का समय आया तो उन्होंने धोखा दिया। छिंदवाड़ा के चौरई में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, ह्रइस बात से दुख जरूर होता है, क्योंकि दिल से हमने उन्हें माना था, लेकिन हम एक नई क्रांति के साथ आगे बढ़ेंगे। हम 44 साल से साथ थे, साथ हैं और वो शक्ति पैदा नहीं हुई, जो 44 दिन में यह रिश्ता खत्म कर दे। प्रियानाथ ने कार्यकर्ताओं से कहा, ह्रहम में से कोई कभी हिम्मत नहीं हारेगा। मैं बिल्कुल भी डरी नहीं हूं। प्रियानाथ चौरई में कांग्रेस कार्यालय के उद्घाटन में पहुंची थीं।

# आदिवासी युवती पर पेट्रोल डालकर लगाई आग

## 40 फीसदी झुलसी, बैतूल में 3 साल लिव-इन में रहे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बैतूल**। बैतूल में  एक पेट्रोल पंप की सेल्स गर्ल पर युवक ने पेट्रोल डाल कर आग लगा दी। युवती आदिवासी है। उसका चेहरा, हाथ, पीठ और चेस्ट बुरी तरह झुलस गया है। 40 फीसदी झुलसी युवती को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। युवक-युवती 3 साल तक लिव-इन में रह चुक हैं। युवती ने डेढ़ साल पहले बात करना बंद कर दिया था। पुलिस आरोपी युवक की तलाश कर रही है। जानकारी के मुताबिक 22 वर्षीय युवती मलकापुर की रहने वाली है। वो कुछ समय से हमलापुर पेट्रोल पंप पर सेल्स गर्ल का काम कर रही है। वह पंप के पास ही पंप मलिक के दिए कमरे में अपनी मां के साथ रही है। रात करीब 11 बजे आरोपी आर्यन मालवीय उसके घर पहुंचा। आर्यन ने हंगामा करते हुए घर के दरवाजे पर पेट्रोल डाल कर आग लगा दी।



युवती इस हंगामे पर बाहर निकली तो उसने उस पर पेट्रोल डाल कर आग लगा दी। मां ने पानी से आग बुझाई। आसपास के लोगों ने एंबुलेंस और पुलिस को घटना की जानकारी दी। युवती को जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती कराया गया है। बैतूल गंज थाना टीआई रवि कांत डहरिया ने बताया कि आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है। युवती और आरोपी लिव-इन में रह रहे थे। घटना से पहले युवती एक मामले में आरोपी के साथ थाने आई थी, तब युवती ने कार्रवाई करने से मना कर दिया था। एसपी निश्छल एन झरिया ने बताया कि युवती चार साल से युवक के साथ लिव इन में रह रही थी। डेढ़ माह से दोनों के बीच विवाद चल रहा था। युवक की तलाश की जा रही है।

# सीएम बोले- अधिकारियों का काम जनता को परेशान करना नहीं

## अगर इस रास्ते पर जाओगे तो सरकार बर्दाश्त नहीं करेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को रीवा में कहा, अधिकारियों का काम जनता के बीच जनहितैषी योजनाओं को लागू करना है। जनता को परेशान करने के लिए आप अधिकारी नहीं हैं, अगर आप इस रास्ते पर जाओगे तो हमारी सरकार बर्दाश्त करने वाली नहीं है।



मुख्यमंत्री ने कोठी कंपाउंड में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, ह्र30 साल पहले जब मैं बस या ट्रेन से रीवा आता था तो हालत खराब हो जाती थी।ह्व उन्होंने यहां के सुंदरजा आम की भी तारीफ की। कांग्रेस पर हमलावर होते हुए कहा कि कांग्रेस ने राम मंदिर निर्माण में बाधा उत्पन्न की।

मंच पर कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ली। मुख्यमंत्री पहले रीवा में सभा के बाद भाजपा प्रत्याशी के नामांकन रैली में भी शामिल होने वाले थे। लेकिन जबलपुर और शहडोल में उनके कार्यक्रमों की वजह से वे सभा करने के बाद रीवा से रवाना हो गए।

# बस पलटी, 40 से ज्यादा श्रद्धालु घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुरैना**। मुरैना में श्रद्धालुओं से भरी बस पलट गई। ग्वालियर से बस मुरैना होते हुए मेहंदीपुर बालाजी जा रही थी। मुरैना के सिविल लाइन क्षेत्र के सिकरौदा गांव की नहर की पुलिया के पास बस असंतुलित होकर पलट गई। हादसे में 40 से ज्यादा यात्री घायल हो गए। दो बच्चों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें ग्वालियर रेफर कर दिया गया है। घटना सोमवार रात 12.30 बजे की है। ग्वालियर से रात को चली बस मुरैना के बैरियर पुल होते हुए जैसे ही सिकरौदा गांव की नहर की पुलिया के पास पहुंची, चालक को नींद का झोंका आया। इसी बीच बस लहराई और पलट गई। स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस को फोन किया। तुरंत जिला अस्पताल से 108 एंबुलेंस भेजी गई। दर्जन भर एम्बुलेंस से घायलों को जिला अस्पताल मुरैना लाया गया।

### दो बच्चों की हालत गंभीर

बताया जा रहा है कि बस में सवाल दो बच्चों की हालत गंभीर है, जिन्हें मुरैना जिला अस्पताल से ग्वालियर रेफर कर दिया गया है। ग्वालियर में बच्चों का इलाज चल रहा है। बाकी सवारी के मामूली चोट हैं।

# महिला- पुरुष से 58 किलो मादक पदार्थ जब्त

## ट्रेवलिंग बैग में अवैध मादक पदार्थ भर कर करते थे तस्करी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। रेलवे स्टेशन से देवास गेट पुलिस ने एक महिला और पुरुष से 5 लाख रुपए से अधिक का डोडा चुरा जब्त किया है। दोनों आरोपी तस्करी कर सुवासरा से गुजरात में माल खपाने के लिए ले कर जा रहे थे। इससे पहले पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। महिला इससे पहले भी तस्करी के मामले में गिरफ्तार हो चुकी है।**



उज्जैन पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु, निर्देशित किया गया था। थाना प्रभारी देवासगेट कुशलसिंह रावत को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मंदसौर सुवासरा से एक महिला और पुरुष ट्राली बेग में करीब 58 किलो डोडा चुरा लेकर निकले है जो की बड़ोदा में सप्लाई करने जा रहे है। टीम ने जशपाल उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम कांचरिया थाना सीतामऊ जिला मंदसौर और संगीता उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम माधोपुर थाना ताल जिला रतलाम को मादक पदार्थ डोडाचूरा की तस्करी करते गिरफ्तार किया है। जब्त डोडा चुरा का बाजार मूल्य करीब 5 लाख रुपए बताया गया है। आरोपी महिला एवं पुरूष एक साथ ट्रेन एवं बस में ट्रेवलिंग बैग में अवैध मादक पदार्थ भरकर तस्करी करते थे जिससे कि इन्हे यात्री समझ कर इन पर कोई संदेह न करें। आरोपियों द्वारा अपनी यात्रा का साधन इसलिये बदला जाता था जिससे कि वे सहज यात्री लगें।

# संपादकीय


## अमन के रास्ते पर

यूक्रेन ने रूस के साथ चल रहे संघर्ष पर विराम लगाने के लिए भारत के सुझाए शांति फार्मूले पर भरोसा जताया है। इन दिनों यूक्रेन के विदेशमंत्री भारत की यात्रा पर हैं और उन्होंने भारतीय विदेशमंत्री के साथ बातचीत में द्विपक्षीय सहयोग और समग्र संबंधों को मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। रूस-यूक्रेन संघर्ष को दो वर्ष से अधिक समय हो गया, मगर तमाम प्रयासों के बावजूद उस पर रोक नहीं लग सकी है। किसी न किसी बहाने, कुछ-कुछ अंतराल पर रूस हमले तेज कर देता है। वह दो बार परमाणु अस्त्रों के इस्तेमाल की धमकी भी दे चुका है। हालांकि यूक्रेन शुरू से रूस के साथ बातचीत की इच्छा जाहिर करता रहा है, मगर रूस की शर्त है कि यूक्रेन नाटो की अपनी सदस्यता वापस ले ले, तभी कोई बातचीत हो सकती है। इस मामले में भारत ने भी कई बार दोनों देशों के राष्ट्रपतियों से प्रत्यक्ष रूप से और फोन पर बातचीत की है। यूक्रेन शुरू से भारत के शांति फार्मूले पर अमल के पक्ष में रहा है, पर रूस अपने रुख में किसी तरह का लचीलापन नहीं दिखाता, इसलिए संघर्ष विराम की कोई सूरत नहीं निकल पाई है। भारत के रूस और यूक्रेन दोनों से मधुर संबंध हैं। रूसी राष्ट्रपति ने शंघाई शिखर सम्मेलन के दौरान भी हमारे प्रधानमंत्री को आश्वस्त किया था कि वे यूक्रेन पर हमले रोकेंगे, मगर वहां से वापस लौट कर उन्होंने हमले और तेज कर दिए थे। रूस अब तक यूक्रेन के बड़े हिस्से पर कब्जा कर चुका है। वहां भारी तबाही हुई है। दस लाख से ऊपर लोग निर्वासित हो चुके हैं और करीब इतने ही लोग अपनी ही जमीन पर एक तरह से यातना शिविर में रहने को अभिशप्त हैं। संयुक्त राष्ट्र ने भी इस तबाही को रोकने की कोशिश की, मगर उसे कामयाबी नहीं मिल सकी। दुनिया के तमाम देशों को लगता है कि अगर भारत मध्यस्थता करे, तो इसका हल निकल सकता है। मगर अड़चन रूस की तरफ से आ खड़ी होती है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन बातचीत में तो ऐसा जाहिर करते हैं कि वे यूक्रेन पर हमले रोकने को तैयार हैं, मगर व्यवहार में ऐसा कुछ भी करते नजर नहीं आते। दरअसल, यूक्रेन पहले रूस का ही हिस्सा हुआ करता था, पर अलग होकर स्वतंत्र देश बन गया था। अब उसने यूरोपीय देशों के सुरक्षा संगठन नाटो की सदस्यता ले ली है। रूस इसी को लेकर नाराज है। उसे लगता है कि इससे यूरोपीय देश बिल्कुल उसकी सीमा पर आ खड़े हुए हैं।

**Quote...**

"You only live once, but if you do it right, once is enough."

-Mae West



**अगर कुछ हानिकारक करना हो तभी ताकत की जरूरत होती है। प्रेम और करूणा से हर अच्छा काम हो सकता है।**

-ओशो

## ज्ञान-विज्ञान

# देश की 13 नदियों में पानी नहीं... गंगा समेत कई नदियों के बेसिन में बहाव आधे से कम, क्या होगा गर्मी में?



गंगा, ब्रह्मपुत्र, सिंधु, पेन्नार, नर्मदा, तापी, साबरमती, गोदावरी, महानदी, कावेरी... इन नदियों में तेजी से घट रहा है पानी. पिछले साल की तुलना में इन नदियों में कम पानी बचा है. चिंता तो गंगा को लेकर है. जो 11 राज्यों के 2.86 लाख गांवों को सिंचाई और पीने के लिए पानी देती है.

केंद्रीय जल आयोग (CWC) के विश्लेषण के बाद यह बात सामने आई है. भारत के 150 प्रमुख जलाशयों में पानी जमा करने की उनकी कुल क्षमता से 36% कम पानी है. 86 जलाशयों में पानी 40% या उससे कम पानी है. 28 मार्च को जारी CWC के बुलेटिन के अनुसार ज्यादातर जलाशय दक्षिणी राज्यों, महाराष्ट्र और गुजरात में हैं.

मौसम विभाग के अनुसार आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में एक मार्च 2024 से बारिश में काफी ज्यादा कमी महसूस की गई है. आंध्र में 65 और तेलंगाना में 67 फीसदी की कमी है. हमारी नदियां सिंचाई, पीने के लिए पानी देती हैं. ट्रांसपोर्ट और बिजली उत्पादन में भी मदद करती हैं. इनसे सामाजिक-आर्थिक विकास होता है.

CWC के पास 20 नदियों के बेसिन का लाइव डेटा रहता है. अधिकांश बेसिनों मे 40 फीसदी से स्टोरेज क्षमता रिकॉर्ड की गई. 12 नदियों के बेसिन में पानी का स्टोरेज पिछले साल की तुलना में कम है. कावेरी, पेन्नार और कन्याकुमारी के बीच पूर्व की ओर बहने वाली नदियां सबसे अधिक नुकसान में हैं. यहां स्टोरेज बहुत कम है.

देश का सबसे बड़ा नदी बेसिन गंगा का है. लेकिन यहां पर फिलहाल कुल क्षमता से आधे से भी कम स्टोरेज है. यानी 41.2 फीसदी पानी ही मौजूद है इस बेसिन में. यह पिछले साल इसी अवधि की तुलना में कम है. गंगा नदी 11 राज्यों में करीब 2.86 लाख गांवों को सिंचाई और पीने के पानी देती है. लेकिन अब यह मात्रा घटती जा रही है.

गंगा बेसिन से पानी का कम होना खेती-बाड़ी को प्रभावित करेगा. क्योंकि इस बेसिन का 65.57% इलाका कृषि भूमि है. नर्मदा में 46.2%, तापी में 56%, गोदावरी में 34.76%, महानदी में 49.53% और साबरमती में 39.54 फीसदी पानी की कमी है.

महानदी और पेन्नार के बीच पूर्व की ओर बहने वाली 13 नदियों में इस समय पानी नहीं है. ये हैं- रुशिकुल्या, वराह, बाहुदा, वंशधारा, नागावली, सारदा, तांडव, एलुरु, गुंडलकम्मा, तम्मिलेरु, मुसी, पलेरु और मुनेरु. ये नदियां आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा से होते हुए बहती हैं. गर्मी से पहले इनकी ये हालत चिंताजनक है.

इन नदियों से 86,643 वर्ग किलोमीटर का इलाका सिंचित होता है. फिर ये नदियां बंगाल की खाड़ी में गिर जाती हैं. इनके बेसिन में 60 फीसदी हिस्सा कृषि क्षेत्र है. यानी इस बार पानी की कमी का असर फसलों पर भी पड़ेगा.

IIT गांधीनगर द्वारा संचालित भारत सूखा मॉनिटर यह बताता है कि नदी बेसिन की सीमाओं के भीतर कई क्षेत्र 'अत्यधिक' से 'असाधारण' सूखे से गुजर रहे हैं. देश में 35.2% क्षेत्र फिलहाल 'असामान्य' से 'असाधारण' सूखे की कैटेगरी में हैं. चिंताजनक यह है कि इसमें से 7.8% इलाका 'अत्यधिक' सूखे में है. 3.8% 'असाधारण' सूखे में है. एक साल पहले यह क्रमशः 6.5% और 3.4% थी. कर्नाटक और तेलंगाना जैसे राज्य वर्षा की कमी से सूखा या उसके जैसी स्थिति से जूझ रहे हैं.

Arunachal Pradesh

# होटल में मृत मिले पति, पत्नी और उनकी 'दोस्त', पुलिस भी हैरान; काले जादू का क्या मामला

**तिरुअनंतपुरम, (एजेंसी)** अरुणाचल प्रदेश के एक होटल में मृत पाए गए केरल के पति, पत्नी और उनकी दोस्त के मामले में पुलिस को 'काले जादू' का ऐंगल नजर आ रहा है। पुलिस का कहना है कि संदेह है कि इस मामले में काले जादू का एक ऐंगल है, लेकिन बिना जांच के अभी कुछ भी स्पष्ट तौर पर कहना मुश्किल होगा। तिरुअनंतपुरम के पुलिस कमिश्नर सी. नागराजु ने कहा कि तीनों का व्यवहार असामान्य लग रहा था। एक विवाहित दंपति और उनके साथ एक अन्य महिला के एक ही कमरे में साथ ठहरने को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। कमिश्नर ने कहा कि अभी कुछ भी कहने से पहले तीनों के मोबाइलों और अन्य इलेक्ट्रॉनिक



डिवाइसेज की जांच करनी होगी। उन्होंने कहा, 'हम यह नहीं कह सकते कि काला जादू से जुड़ा मामला है या कुछ और है। हमारी टीम आज वहां जाएगी। पूरी प्रक्रिया खत्म होने के बाद ही हम कुछ कह सकते हैं। वहां जाकर हम सबूत लाएंगे। ऐसे में जांच के लिए हमें थोड़ा समय चाहिए।' उन्होंने कहा कि जांच यह भी करने की जरूरत है कि तीनों क्यों वहां गए और क्या कर रहे थे। इसके अलावा मौत का कारण भी पुलिस जानना चाहती है। नागराजु ने कहा कि अब तक हमें ऐसे किसी ग्रुप की जानकारी नहीं मिली है, लेकिन हमें यह जानना है कि आखिर ऐसा ग्रुप क्यों बना था और इसका उद्देश्य क्या था। तीनों ही अरुणाचल प्रदेश के लोअर सुनानसिरी जिले में आए थे और यहां एक होटल में ठहरे हुए थे। लोअर सुबनसिरी के पुलिस अधीक्षक केनी बागरा ने कहा कि मृतकों की पहचान नवीन थॉमस (39), देवी बी (39) और आर्य बी नायर (29) के रूप में की गई है।

New Delhi

## एयरपोर्ट पर महिला को जबरन लगाया था गले, IPS पर ऐक्शन, अब वापस UP भेजा गया



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** सीआरपीएफ के अतिरिक्त महानिदेशक के पद पर तैनात 1994 बैच के एक आईपीएस अधिकारी पर एक महिला ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। इसके ठीक दो सप्ताह के बाद उन्हें उनके मूल कैडर को वापस भेजा दिया गया है। गुवाहाटी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर तैनात एक महिला कर्मचारी ने आरोप लगाया था कि IPS अधिकारी बिनोद कुमार सिंह ने उन्हें जबरन गले लगाने की कोशिश की थी। महिला की शिकात के बाद पुलिस जांच की गई। इसके बाद वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी ने माफी मांगी। महिला ने भी शिकायत वापस ले ली। इसके बाद अब उनका ट्रांसफर हो गया है। चीफ एयरपोर्ट ऑफिसर ने अपनी रिपोर्ट में कहा था, 'एयरपोर्ट को अधिकारी के लिए 17 मार्च को रिजर्व लॉन्ज की सुविधा प्रदान करने के लिए आग्रह प्राप्त हुआ था। इसके बाद लॉन्ज में तैनात एक महिला कर्मचारी की तरफ से एक शिकायत प्राप्त हुई, जिसमें उसेने कहा था कि आईपीएस ऑफिसर ने उसे जबरन गले लगाने की कोशिश की।'' महिला अपनी शिकायत में लिखती है, ''आईपीएस अधिकारी लगातार मुझे घूर रहे थे। इससे मैं असहज महसूस कर रही थी। वह मेरी स्माइल की तारीफ कर रहे थे। वह मेरी दांतों की भी तारीफ कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मेरे होंठ काफी अच्छे हैं। वह अपना फोन नंबर मुझे देने की कोशिश करते समय मुझे जबरदस्ती गले भी लगाया। मैंने खुद को अलग किया और उनसे तुरंत अपनी इस हरकत पर लगाम लगाने के लिए कहा।'

Rajasthan

## राजस्थान पुलिस पेपर लीक मामले में बड़ा एक्शन, 14 ट्रेनी SI को हिरासत में लिया

**जयपुर, (एजेंसी)** राजस्थान उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा-2021 के पेपर लीक प्रकरण में राजस्थान स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने एक बार फिर रेड मारी हैं. एसओजी की टीम ने राजस्थान पुलिस एकेडमी में छापेमारी करते हुए करीब 14 ट्रेनी एसआई को हिरासत में लिया है. एटीएस एसओजी के एडीजी वीके सिंह के निर्देशन में जयपुर के आरपीए में मंगलवार सुबह करीब 7 बजे एसओजी के अधिकारी पहुंचे और ट्रेनी एसआई से घंटों पूछताछ की. जानकारी के मुताबिक, एसआई भर्ती-2021 प्रकरण में एसओजी ने पूर्व में कई ट्रेनी फर्जी थानेदारों को गिरफ्तार किया था. जिनसे पूछताछ में एसओजी को कई अहम इनपुट मिले थे. इसमें सामने आया कि इस फर्जीवाड़े से जुड़े और भी कई सब इंस्पेक्टर हैं, जो आरपीए में ट्रेनिंग ले रहे हैं. उन्होंने परीक्षा में अपनी जगह डमी कैंडिडेट बैठाए थे. इसके बाद एसओजी ने मंगलवार सुबह ट्रेनिंग कैंप के दौरान राजस्थान पुलिस अकादमी परिसर से उन सभी ट्रेनी एसआई को डिटेन कर लिया. एसओजी की इस कार्रवाई के बाद ट्रेनिंग कैंप में हड़कंप मच गया. इससे ट्रेनिंग ले रहे बाकी एसआई भी घबराए हुए हैं. उन्हें डर है कि न जाने अगला कौन है, जो एसओजी के रडार पर है.

Uttarakhand

## लिव-इन में रहने वाला प्रेमी निकला कातिल 3 महीने बाद सूटकेस में मिली लाश

**देहरादून, (एजेंसी)** देहरादून में एक युवती की हत्या का खुलासा हुआ है. युवती के परिवार वालों ने बेटी के गुम होने की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई थी. युवती पिछले तीन महीने से गायब थी. पुलिस ने जब मामले की जांच पड़ताल की तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ. युवती की उसके प्रेमी ने हत्या कर दी थी. अब आरोपी पुलिस की गिरफ्त में है. एक रॉन्ग नंबर से दोनों संपर्क में आए थे और फिर साथ रहने लगे थे.

मिली जानकारी के अनुसार 29 मार्च को हरिद्वार की रहनी वाली शहनूर नाम की लड़की की गुमशुदमगी की रिपोर्ट उसके माता-पिता ने देहरादून कोतवाली पटेलनगर में लिखाई. उन्होंने बताया कि उनकी बेटी शहनूर देहरादून मे संस्कृति विहार कालोनी मे रहकर ब्यूटी पॉर्लर में काम करती थी. वह 26 दिसम्बर 2023 से लापता है. उससे सम्पर्क करने तथा ढूंढने का काफी प्रयास किया गया. फिर भी उसके संबंध में कोई जानकारी नहीं हो पा रही है.

इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए तत्काल थाना पटेलनगर पर युवती की गुमशुदगी का मामला दर्ज किया गया. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून अजय सिंह द्वारा युवती की बरामदगी के लिए टीम बनाई गई. टीम गुमशुदा की तलाश में जुट गई. युवती की खोजबीन के लिए मुखबिर तंत्र सक्रिय हुआ. शहनूर की तलाश कर रही पुलिस टीम को जानकारी मिली कि गुमशुदा शहनूर देहरादून मे संस्कृति लोक कालोनी मे राशिद नाम के युवक के साथ लिव इन रिलेशनशिप मे रहती थी.

खेल

### बेंगलुरु आईपीएल 2024 में ऑलआउट होने वाली पहली टीम बनी

# मयंक की बदौलत लखनऊ ने लगातार दूसरा मैच जीता

**बेंगलुरु। लखनऊ सुपर जाएंट्स ने आईपीएल 2024 के 15वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 28 रन से हरा दिया है। पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ ने 20 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 181 रन बनाए थे। जवाब में बेंगलुरु की टीम 19.4 ओवर में 153 रन पर सिमट गई। मयंक यादव ने एक बार फिर कहर बरपाया और तीन विकेट झटके। पिछले मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ भी उन्होंने तीन विकेट लेकर मैच जिताया था। उन्होंने लगातार दूसरे मैच में प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड दिया गया।**

बेंगलुरु की यह चार मैचों में तीसरी हार है। वहीं, लखनऊ की यह तीन मैचों में लगातार दूसरी जीत है। इस जीत के साथ लखनऊ की टीम अंक तालिका में चार अंकों के साथ चौथे स्थान पर आ गई है। वहीं, बेंगलुरु की टीम मुंबई से एक स्थान ऊपर नौवें स्थान पर है। आरसीबी के नाम एक अनचाहा



रिकॉर्ड भी शामिल हो गया है। वह इस सीजन ऑलआउट होने वाली पहली टीम बन गई है।

### लखनऊ की पारी

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ की शुरुआत सधी हुई रही थी। क्विंटन डिकॉक और केएल राहुल के बीच पहले विकेट के लिए 53 रन की साझेदारी हुई। राहुल 20 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद देवदत्त पडिक्कल भी छह रन बनाकर पवेलियन चलते बने। मैक्सवेल ने फिर मार्कस स्टोइनिस को मयंक डागर के हाथों कैच कराया। वह 24 रन बना सके।

इस बीच डिकॉक ने आईपीएल करियर का 22वां अर्धशतक पूरा किया। वह 56 गेंद में आठ चौके और पांच छक्के की मदद से 81 रन बनाकर आउट हुए। आयुष बदोनी खाता नहीं खोल सके। वहीं, निकोलस पूरन ने 21 गेंद में एक चौका और पांच छक्के की मदद से 40 रन की नाबाद पारी खेली। बेंगलुरु की ओर से मैक्सवेल ने दो विकेट लिए। वहीं, टॉप्ली, यश दयाल और सिराज को एक-एक विकेट मिला।

### बेंगलुरु की पारी

182 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बेंगलुरु टीम की शुरुआत अच्छी रही थी। विराट कोहली और फाफ डुप्लेसिस ने 25 गेंद में 40 रन जोड़ लिए थे। इसके बाद पांचवें ओवर में स्पिनर एम सिद्धार्थ ने कोहली को पडिक्कल के हाथों कैच कराया। कोहली 16 गेंद में 22 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद विकेट की झड़ी लग गई। फाफ डुप्लेसिस 19 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, मयंक यादव ने ग्लेन मैक्सवेल, कैमरन ग्रीन और रजत पाटीदार को पवेलियन भेज बेंगलुरु को बैकफुट पर धकेल दिया। मयंक की तेज गेंद बेंगलुरु का कोई बल्लेबाज नहीं खेल सका। उन्होंने चार ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट झटके। अनुज रावत 11 रन, दिनेश कार्तिक चार रन बनाकर आउट हुए। महिपाल लोमरोर ने 13 गेंद में तीन चौके और तीन छक्के की मदद से 33 रन की पारी खेली, लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके।

सिनेमा

## पंजाबी सिंगर Jazzy B के गाने पर विवाद, महिलाओं के लिए यूज किया आपत्तिजनक शब्द, महिला आयोग ने लिया एक्शन



पॉपुलर पंजाबी सिंगर जैजी बी एक बार फिर विवादों में आ गए हैं. उनके एक नए गाने पर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है. जैजी बी का नया गाना 'मड़क शौकीनां दी' करीब एक हफ्ते पहले यूट्यूब पर रिलीज हुआ था. 3 मिलियन से ज्यादा व्यूज बटोर चुके इस गाने पर आरोप है कि इसमें महिलाओं के लिए अपमानजनक शब्द का प्रयोग किया गया है. पंजाब महिला आयोग ने इस गाने पर एक्शन लेते हुए, पंजाब पुलिस से इस मामले में एक हफ्ते के अंदर रिपोर्ट मांगी है. जैजी बी ने 'मड़क शौकीनां दी' टाइटल से एक नया गाना गाया है और इसके लिरिक्स भी उन्होंने खुद ही लिखे हैं. इस गाने में उन्होंने के जगह महिलाओं के लिए 'भेड़' शब्द का इस्तेमाल किया है. जिसे लेकर कई महिला अधिकार संगठन जैजी बी से खफा हो गए हैं और उनके खिलाफ एक्शन की मांग की जा रही है. गाने के विरोध में बरनाला, पंजाब में जैजी बी का पुतला भी जलाया गया. पंजाब महिला आयोग की अध्यक्ष राज लाली गिल ने इस वायरल हो रहे गाने में महिलाओं के लिए अपमानजनक शब्द के इस्तेमाल को लेकर, पंजाब पुलिस से रिपोर्ट मांगी है.

## Highlights

1. **Elections 2024: Women are emerging as 'kingmakers'**
2. **Arvind Kejriwal has lost 4.5-kg weight in jail: Report**
3. **Heatwave warning issued for several states till April 6; list released**
4. **DDLJ 'Ja Simran ja' scene is impossible on Vande Bharat trains**
5. **7 dead in major fire in Maharashtra's Chhatrapati Sambhajinagar**
6. **High Court Grants Divorce To Chef Kunal Kapur Over Cruelty By Wife**

# Samsung Galaxy S23 Ultra price cut: Stunning 37% discount now on Amazon; check rate

**NEW DEIHI, (Agency).** If you are looking for a top-class premium smartphone on a budget, then your search has come to an end. Amazon has rolled out a stunning Samsung Galaxy S23 price cut that will ensure you save a massive amount of money and yet have the mobile phone of your dreams. Interesting? Read on.

Dissecting the deal

Samsung Galaxy S23 Ultra price cut is available in Green, 12GB, 256GB storage variant and what should make you hurry is the fact that a limited number of these phones are available. Notably, Samsung Galaxy S23 price is Rs. 1,49,999, but the Amazon discount has slashed it to just Rs. 93,900. Yes, that translates to a whopping 37% off from the actual M.R.P. In case you are interested in EMIs then the same is available on select cards. Also, note that if you do need help to set up the smartphone, then the same will be done on delivery.




Why you should buy

Since Samsung Galaxy S23 Ultra 5G is a premium phone from one the biggest mobile phone manufacturers in the world, looks and design-wise, it is a stunner. It is a massive phone that will flaunt itself in all settings. The real reasons to buy involve what you can actually do with it. Photography enthusiasts can capture magnificent photos in all settings including during the brightest of days and dark nights. This is courtesy the 200 MP camera that it packs. For the selfie lovers, the output is sharp and enthralling and what's more, you can even use the S pen to take snaps. Not just that, the phone is very snappy and provides crystal clear videos in all settings.

The performance is powered by its snappy Snapdragon 8 Gen 2 processor. This, along with the Android 13 OS ensure a long battery life that should take you safely through long sessions of gaming or streaming.

# Forbes richest list 2024: Mukesh Ambani tops in India, Gautam Adani at 2

**NEW DEIHI, (Agency).** On the 2024 Forbes' 2024 list of the World's Billionaires, 200 Indians featured- up from 169 last year. The combined wealth of these Indians is a record total of $954 billion—up 41% from $675 billion last year. At the top of the list is Mukesh Ambani whose net worth shot up to $116 billion, from $83 billion, making him the first Asian to break into the $100 billion club. Mukesh Ambani retained his position as the ninth richest person in the world is both India's and Asia's richest person.

Gautam Adani is the second richest Indian as per the list as he added $36.8 billion to cement his position. Overall in the list, he is at No.17 with a fortune of



$84 billion. The richest woman in India remains Savitri Jindal who is now the fourth richest in India, up from sixth a year ago. She has a net worth of $33.5 billion.

In the list are twenty-five new Indian billionaires who made their debut. These include Naresh Trehan, Ramesh Kunhikannan, and Renuka Jagtiani. Meanwhile, Byju Raveendran and Rohiqa Mistry have been dropped off this time.

### Here are India's 10 richest people:

Mukesh Ambani- net worth $116 billion
Gautam Adani- net worth $84 billion
Shiva Nadar- net worth $36.9 billion
Savitri Jindal- net worth $33.5 billion
Dilip Shanghvi- net worth $26.7 billion
Cyrus Poonawalla- net worth $21.3 billion
Kushal Pal Singh- net worth $20.9 billion
Kumar Birla - net worth $19.7 billion
Radhakishan Damani- net worth $17.6 billion
Lakshmi Mittal- net worth $16.4 billion

# हमले में घायल ने दम तोड़ा

## पुलिस ने पकड़ाए दो आरोपियों को जेल भेजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। राजेन्द्र नगर में तीन दिन पहले चाकूबाजी की वारदात हुई। इसमें डीजे का काम करने वाले युवक को चाकू लगने थे। रंगपंचमी पर कलर लगाने को लेकर आरोपियों से उसका विवाद हुआ था। इसके बाद दोपहर में आरोपियों ने विवाद कर पेट में चाकू मार दिया। इस हमले में दो लोग आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस ने इस मामले में हत्या का केस दर्ज किया है। राजेन्द्र पुलिस के मुताबिक चीनू पुत्र ठाकुर पचाया निवासी चित्रकूट नगर की बुधवार सुबह मौत हो गई। परिजनों ने उसका शव केट रोड़ पर रखकर प्रदर्शन की चेतावनी दी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक चीनू को शिवा बामनिया ओर राकेश बामनिया ने चाकू मारे थे। इसके बाद उसका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था।

चीनू ने मृत्यृ के पहले पुलिस को दिए बयान में बताया था कि वह 30 मार्च को सुबह अपने दोस्त अरूण,जयेश,राहुल ओर सौरभ के साथ राजेन्द नगर की तरफ से आ रहा था। इस दौरान पेट्रोल पंप के पास शिवा बामनिया ने रंग लगाने की कोशिश की। चीनू के चेहरे पर मास्क लगा हुआ था। जिसे शिवा ने छुडाने की कोशिश की। मॉस्क नही दिया तो शिवा ने हाथ मुक्को से मारपीट की। इसके बाद दोस्तो ने समझाइश दी ओर सब चले गए। दोपहर में करीब 3 बजे चीनू को चित्रकूट नगर के मैदान के यहां शिवा के साथी राकेश ने रोका ओर सुबह शिवा से विवाद करने को लेकर अपशब्द कहे। इसके बाद राकेश ने चीनू के साथ मारपीट शुरू कर दी। दोस्त बचाने आए तो राकेश ने चाकू निकाला ओर चीनू के पेट में मार दिया। जिसमें उसे काफी गंभीर चोट आई। इसके बाद वह गिर गया। दोस्तो ने उसे उठाया तब आरोपी धमकीयां देकर मौके से भाग गए। तब चीनू को दोस्तो की मदद से निजी अस्पताल भेजा गया। हालाकि पुलिस ने इस मामले में आधा दर्जन लडक़ो को आरोपी बनाया। उनहें जेल भी भेजा गया। लेकिन रहवासियों को बुधवार को चीनू की मौत की जानकारी लगी तो वह प्रदर्शन की बात करने लगे। हालांकिं राजेन्द्र नगर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची है। चीनू का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# इंदौर से चुराई फॉरचुनर राजस्थान में मिली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **सर्वोदय नगर से चोरी हुई फॉच्र्यूनर कार को क्राइम ब्रांच और जूनी इंदौर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बरामद कर लिया है। आरोपियों ने एक सप्ताह पहले क्रेटा कार से आकर फॉच्र्यूनर कार चुरा ली थी। कार को राजस्थान से बरामद किया गया है।**

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया की टीम ने जूनी इंदौर से दिनेश परवाल की फॉच्र्यूनर कार को राजस्थान के भीनमाल इलाके से बरामद कर लिया है। पिछले रविवार सुबह करीब 5 बजे आरोपियों ने सेंसर बंद कर यह कार चुरा ली थी। क्राइम ब्रांच और जूनी इंदौर पुलिस लगातार फुटेज निकालकर आरोपियों के पीछे पहुंची थी। पुलिस के मुताबिक आरोपियों के यहां दबिश दी गई तो वह नही मिले। आरोपी का पिता घर पर मिला। जिसमें उसके पास ब्राउन शुगर मिली। जिसे क्राइम ब्रांच ने स्थानीय पुलिस को सौंप दिया। एडीपीएस के मामले में पुलिस ने आरोपी पर कार्रवाई की है।

# बिछड़े बच्चे को परिवार से मिलाया

## वाटसअप पर फोटो देखकर कंट्रोल रुम आए परिजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। सिटी बस में बिछड़े बच्चे को ट्रेफिक पुलिस के जवानों ने सकुशल परिवार वालों को सौंप दिया। जवानों को बच्चा रोते हुए मिला था। फूटीकोठी चौराहे पर ट्रेफिक उप निरीक्षक उमा शंकर यादव, आरक्षक संतराम, आरक्षक मनीष शर्मा ड्यूटी कर रही थी। इसी दौरान मासूम बच्चा फूटी कोठी चौराहे पर रोता हुआ मिला। टीम ने बच्चे को दुलार कर नाम-पता पूछा। बच्चे ने अपना नाम आरव, पिता महेंद्र, मम्मी बबीता और बहन का नाम रिया बताया। पता पूछने पर केवल इंदौर ही बता पा रहा था। इसके बाद में ट्रैफिक यातायात कंट्रोल रूम को बच्चे के बारे में सूचना दी गई। कंट्रोल रूम ने सभी थानों को प्रसारण कर उसके फोटो व्हाट्सएप पर भेज दिए। करीब एक घंटे बाद आरोन की मां वापस आई और उन्होंने बताया कि हम लोग सिटी बस में बैठकर फूटी कोठी से बड़ा गणपति चौराहे चले गए थे। हम लोग सोचते रहे कि आरव को किसी ने गोद में ले लिया होगा। सिटी बस में बहुत भीड़ थी। इस कारण पता नहीं चला। जब बड़ा गणपति चौराहा पर उतरे तब देखा कि आरव किसी के साथ नहीं है। उसके बाद हम ऑटो कर तुरंत फूटी कोठी चौराहा पहुंचे। यातायात पुलिस द्वारा बालक को मां के सुपुर्द किया गया।परिजनों ने यातायात पुलिस को धन्यवाद दिया। पुलिस उपायुक्त अरविंद तिवारी ने अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा सराहनीय कार्य करने पर नगद पुरस्कार दिया।

# पिस्टल के साथ धराया बदमाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। आचार संहिता लगने के बाद पुलिस की टीम सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो, वीडियो वायरल करने वालों पर नजर रखे हुए हैं। इसी क्रम में क्राइम ब्रांच ने मारपीट के मामले में जेल जा चुके आदतन बदमाश आकाश उर्फ दीपेश पिता पारस सहगल निवासी महावार नगर को वारदात की नीयत से घुमते पकड़ा। उसके पास से पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद किया है।

# ट्रक ने मारी टक्कर : मां-बेटी की मौत, पति गंभीर घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। राउ-तेजाजी नगर में बुधवार सुबह सडक़ हादसा हो गया। इसमें मां-बेटी की मौके पर मौत हो गई। महिला का पति गंभीर रूप से घायल है। मां-बेटी के शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेजा गया है। घायल का इलाज आईसीयू में चल रहा है।

राउ पुलिस का कहना है कि घटना सेज यूनिवर्सिटी के पास की है। करण सिंह चौहान, उनकी पत्नी छाया और 17 साल की बेटी दिव्यांशी तीनों बाइक से जा रहे थे। अचानक एक ट्रक ओवरटेक किया और पीछे से टक्कर मार दी। छाया और दिव्यांशी सडक़ पर गिर गईं। हादसे में दोनों की मौके पर मौत हो गई। करण घायल है। हादसा काफी भयावह था। टक्कर के बाद तीनों काफी दूर जाकर गिरे थे। तीनों बाइक से नावदापंथ से ओकारेश्वर के लिए निकले थे। राउ सर्कल से वह तेजाजी नगर से खंडवा रोड़ की तरफ जा रहे थे। तभी हादसे का शिकार हो गए। हादसे का शिकार हुआ परिवार करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह चौहान के रिश्तेदार हैं। सूचना के बाद करण के परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंचे हैं। करण बेकरी का काम करते हैं। बेटी दिव्यांशी चोइथराम स्कूल में पढ़ाई करती थी।

# रिक्शा चाक ने सवारी को लूटा

**इंदौर**। शहर में बदमाशों के हौंसले कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। संयोगितागंज थाना क्षेत्र में सोमवार को रिक्शा चालक और उसके साथियों ने सवारी को धमकाते हुए उससे 1200 रुपए छीन लिए। मामले में फरियादी दीपक पिता मोहनलाल प्रजापति निवासी मूसाखेड़ी ने रिक्शा नंबर एमपी 09 आरए 3503 में वह नवलखा चौराहा से तीन इमली चौराहा जाने के लिए बैठा था। ऑटो रिक्शा जब संवाद नगर के पास पहुंचा, तभी आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर पैसे छीन लिए। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

# महिलाओं ने भी सीखी साइबर अपराधों की बारीकियां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। महिलाएं और युवतियां आनलाइन ठगी की शिकार अधिक होती है। वे ठगी से कैसे बच सकती है, इसे लेकर एडीशनल डीसीपी (क्राइम) राजेश दंडोतिया ने कार्यशाला ली। कार्यशाला में वामा क्लब की महिलाओं को ओटीपी फ्रॉड, फर्जी लिंक भेज कर किए जाने वाले फ्रॉड, ओएलएक्स या ई-कॉमर्स वेबसाइट द्वारा किए जाने वाले फ्रॉड, सेक्सटॉर्शन फ्रॉड और सोशल मीडिया द्वारा की जाने वाली साइबर बुलिंग, फिशिंग आदि साइबर अपराधों की जानकारी दी। कार्यशाला में बताया कि वर्चुअल वल्र्ड के इन साइबर अपराधियों के सबसे ज्यादा सॉफ्ट टारगेट बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं होते हैं। चूंकि हम सभी काम ऑनलाइन करने के साथ-साथ सोशल मीडिया का भी ज्यादा उपयोग कर रहे हैं। अतः साइबर क्राइम से बचने के लिए जागरूक और सतर्क रहकर पूरी सावधानी के साथ सोशल मीडिया और ऑनलाइन फाइनेंशियल काम करें। इसके सफलतापूर्वक संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले एडीशनल डीसीपी का क्लब की ओर से सम्मान किया गया।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ मो. : 9826044334, 9111156060 ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र पालीवाल ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक